Tender Heart High School, Sec-33-B, CHD.

कक्षा - आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (चित्रलेखन एवं अशुद्ध-शुद्ध)

पुस्तक - वीवा हिंदी व्याकरण - 8

प्यारे बच्चो, सुप्रभात!

(क) आज हम कक्षा आठवीं की हिंदी व्याकरण की पुस्तक वीवा के पृष्ठ-204 पर दिए चित्रलेखन लिखने से पहले इसकी पृष्ठभूमि बना लेते हैं। चित्र पर आधारित रचना, पत्र-लेखन की तरह ही एक कला है। चित्र-लेखन में चित्र के बारे में आपके विचार या कोई कहानी इस पर आधारित हो, पूछे जा सकते हैं। यह कार्य आपको 29.7.24 को भेजा जाएगा।

बच्चो! चित्र-वर्णन में मौखिक अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करने में चित्रों का महत्त्वपूर्ण स्थान है व योगदान है। चित्र-वर्णन के अंतर्गत विद्यार्थी किसी चित्र को देखकर उसमें निहित क्रियाओं, मूल्यों या घटनाओं का वर्णन अपने शब्दों में करते हैं। इससे उनकी कल्पना शक्ति, विवरण करने, लिखने तथा सोचने-समझने की क्षमता का विकास होता है।

किसी चित्र का वर्णन करते समय विद्यार्थी अपनी पूर्व जानकारी का उपयोग कर सकते हैं। चित्र को देखकर किसी प्रसिद्ध घटना या कहानी को अपने शब्दों में सुनाना या लिखना एक कला है। इसमें सर्वप्रथम अपनी स्मरणशक्ति से, दिए गए चित्रों को जाँचा-परखा जाता है तत्पश्चात अपनी कल्पना शक्ति का प्रयोग कर उस घटना या कहानी की रचना की जाती है तथा रची हुई कहानी, घटना या विवरण को उचित भावों के साथ अपने शब्दों में अभिव्यक्त किया जाता है।



Scanned with CamScanner

कक्षा-आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (चित्रलेखन एवं अशुद्ध-शुद्धशब्द)

चित्र-लेखन के लिए निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए:-

* चित्र को बारीकी से देखना चाहिए, जिससे उसका सूक्ष्म-से-सूक्ष्म बिंदु भी पकड़ में आ जाए।
* चित्र की घटनाओं को समझना और चित्र-लेखन करते हुए प्रत्येक का वर्णन करना।
* कल्पना-शक्ति का प्रयोग करना, परंतु कल्पना को इतना अधिक विस्तार देना भी उचित नहीं है कि मुख्य विषय से ध्यान हट जाए।
* चित्र-वर्णन रोचक और सजीव, सरल भाषा में होना चाहिए।
* चित्र-लेखन में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ना चाहिए।
* चित्र-वर्णन करते समय इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि जो कुछ भी लिखा जाए उसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए।

बच्चो! अब मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछूँगी। इन पूछे गए प्रश्नों के उत्तर आप तीन मिनट का अंतराल लेकर लिखेंगे।

प्रश्न-1. चित्र को कैसे देखना चाहिए और क्यों?
प्रश्न-2. चित्रलेखन की भाषा कैसी होनी चाहिए?
प्रश्न-3. चित्र का वर्णन कैसे करना चाहिए?

बच्चो, अब आपका अंतराल का समय समाप्त हुआ। आशा है आप अब यह कार्य कर चुके होंगे। अब मैं इनके उत्तर बताती हूँ जो इस प्रकार हैं—

उत्तर-1 चित्र को बारीकी से देखना चाहिए जिससे उसका सूक्ष्म से सूक्ष्म बिंदु भी पकड़ में आ जाए।



Scanned with CamScanner

DATE 29.7.24
PAGE No. 3

कक्षा - आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (चित्रलेखन, अशुद्ध-शुद्धशब्द)


उत्तर-2. चित्रलेखन की भाषा सजीव, रोचक व सरल होनी चाहिए।

उत्तर-3. चित्र का वर्णन करते समय विद्यार्थी अपनी पूर्व जानकारी का उपयोग कर सकते हैं।

बच्चो! अब मैं आपको गृहकार्य दे रही हूँ। सब बच्चे अपनी हिंदी की अभ्यास-पुस्तिका में यह कार्य करेंगे।

गृहकार्य:-

नीचे दिए चित्र को ध्यान से देखो। मन में उठ रहे भावों को कहानी या लेख के माध्यम से 200 शब्दों में लिखो।



(ख) अशुद्ध- शुद्ध शब्द :- नीचे लिखे अशुद्ध-शुद्ध शब्द व्याकरण-8 की पुस्तक में पृष्ठ-172 पर दिए हैं। यह अध्यापिका द्वारा करा दिए गए हैं।

बच्चो! भाषा अपने मूल रूप से उच्चारण पर ही आधारित होती है। उच्चरित भाषा के आधार पर लिखित भाषा बनाई जाती है। हिंदी भाषा में उच्चरित ध्वनियों को जैसे बोला जाता है, लिखित रूप में उसे वैसे ही लिखा जाता है। अशुद्ध उच्चारण

कक्षा - आठवीं    शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (चित्रलेखन एवं अशुद्ध-शुद्धशब्द)

के कारण लिखने में वर्तनी की अनेक प्रकार की अशुद्धियाँ हो जाती हैं। अच्छे-अच्छे छात्र भी अशुद्ध लिखने के कारण परीक्षा में कम अंक प्राप्त कर पाते हैं। अतः अशुद्धियों से बचने के लिए शब्दों का मात्राओं सहित शुद्ध उच्चारण करना अति आवश्यक है।

निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखो :-

| | अशुद्ध रूप | शुद्ध रूप | | अशुद्ध रूप | शुद्ध रूप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आधीन | अधीन | 18. | बारात | बरात |
| 2. | अगामी | आगामी | 19. | गुरु | गुरु |
| 3. | अनुकुल | अनुकूल | 20. | कृपालू | कृपालु |
| 4. | अहार | आहार | 21. | दयालू | दयालु |
| 5. | अतिथी | अतिथि | 22. | दुसरा | दूसरा |
| 6. | आयू | आयु | 23. | त्यौहार | त्योहार |
| 7. | आर्शिवाद | आशीर्वाद | 24. | अध्यात्मिक | आध्यात्मिक |
| 8. | उन्नती | उन्नति | 25. | अत्याधिक | अत्यधिक |
| 9. | औदयोगिक | औद्योगिक | 26. | श्रृंगार | शृंगार |
| 10. | कवी | कवि | 27. | कृप्या | कृपया |
| 11. | कवीत्री | कवयित्री | 28. | रितु | ऋतु |
| 12. | कृतघन | कृतघ्न | 29. | सहस्त्र | सहस्र |
| 13. | केंद्रिय | केंद्रीय | 30. | किरण | किरण |
| 14. | राष्ट्रिय | राष्ट्रीय | 31. | शुशोभित | सुशोभित |
| 15. | भारतिय | भारतीय | 32. | घन्टा | घंटा, घण्टा |
| 16. | क्षत्रीय | क्षत्रिय | 33. | उज्जवल | उज्ज्वल |
| 17. | क्योंकी | क्योंकि | 34. | ब्राम्हण | ब्राह्मण, ब्राह्मण |

गृह कार्य :-
इस प्रकार गए कार्य को आप अपनी अभ्यास-पुस्तिका में लिखेंगे।

अंतिम पृष्ठ-4)

Scanned with CamScanner